**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Vidhyut Niyamak Bhawan
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.)
*Ph.0771-4073568, Fax: 4073553*
***www.cserc.gov.in, e-mail: cserc.sec@cg.nic.in***

No. 04/S.C. (4th Amdt.)/2026/1360 Raipur, Date: 29/07/2026

**"Chhattisgarh State Electricity Supply Code (Removal of Difficulties) Second Order, 2026"**

Whereas the Chhattisgarh State Electricity Supply Code (Second Amendment), 2018 and Chhattisgarh State Electricity Supply Code (Fourth Amendment), 2024 notified on 06.04.2018 and 08.08.2024 respectively;

And whereas para 4.15 of second amendments of Supply Code specifies documents required along with application for new connections;

And whereas para 4.1 (d) I (i) of fourth amendments of Supply Code specifies procedure for grant of new service, temporary connection, shifting of meter, enhancement of load, service line, change of consumer tariff category, reduction of load, change in name etc.;

And whereas para 4.1 (d) IX of fourth amendments of Supply Code specifies that *"In case an agreement is required to be executed between distribution licensee and the consumer, the same shall become the part of the application form and there shall not be any requirement of a separate agreement form"*;

And whereas consumers are now prosumers (person who consumes electricity from grid and can also inject renewable energy into the grid) subsequent to notification of Chhattisgarh State Electricity Regulations (Grid Interactive Distributed Renewable Energy Sources) Regulations 2019 and its subsequent amendments;

And whereas difficulties have arisen to integrate terms of net metering agreement with initial application form for new service connection;

Now, therefore, the Commission, in exercise of its powers conferred under Para 13.21 of the Supply Code, hereby makes the following order in respect of new service connection form for all consumers in the domestic category. This combines the new service connection with the agreement for purchase of renewable power from consumers in the domestic category, not in consistent with the provisions of the Supply Code and its subsequent amendments, to remove the difficulties, namely:

**1. Short title and commencement.**

(1) This order may be called the Chhattisgarh State Electricity Supply Code (Removal of Difficulties), Second Order, 2026.

(2) It shall come into force from the date of issuance of this Order.

**2. Annexure-1 and Annexure-3 of the Chhattisgarh State Electricity Supply Code 2011 shall be combined and shall be considered as follows for all consumers in the domestic categories: -**

Name of Distribution Company - ……………………………………

Application for new service connection cum agreement cum Power Purchase Agreement (PPA)

| |
|---|
| Self-attested Passport Size Photograph |

To,

**Assistant / Junior Engineer**

**…………………………………….**

**…………………………………….DC/Zone**

Respected Sir,

I/We hereby apply for the supply of electricity to my/our premises. The required information is as follows:-

1. Purpose of Electricity Supply (Domestic / Non-Domestic / Agricultural / Agricultural Allied / Industrial / Public)
2. Name of the Applicant/Organization
3. Name of Father / Husband / Director / Partner / Trustee

4. **Address of the Premises (Where the new connection is being applied for)**
(i) House / Plot / Premises No. ____________ Road / Area / Colony ____________

Town / City / Village ____________ Development Block ____________

District ____________Mobile Number ____________

E-mail (If Available) ____________Aadhaar Card Number ____________

(ii) If you have a GSTIN No., it is mandatory to provide the GSTIN No. along with the application. After making the demand payment, it is necessary to inform the concerned Divisional Office / Zone on the same day. Otherwise, you will not be eligible for claiming GST payment, for which you will be solely responsible.
GSTIN No.: _______________________

(iii) Bank Account Number: ______________ IFSC Code: ________________________
(iv) For BPL Connection: BPL Survey List Serial Number - ___________________

(v) For Industrial Connection: (1) IEM Number and Date - ___________________

(2) EM-1 / SSI Registration Number and Date - _______________

(vi) Neighbor's Permanent Connection Number (If Available): ___________________

(vii) Number of the nearest electricity pole from where the connection is being applied:

(viii) Permanent Address of the Applicant, if different from Serial No. 4: ___________________

House/Plot/Premises No.:___________________ Road / Area / Colony: __________________

Town / City / Village: ___________________ Development Block: ___________________

District: ___________________

5. Built-up Area of the Premises / Plot Area (Area in Square Feet) ____________ / ____________

6. Type of Electricity Supply: Permanent / Temporary ____________

Duration of Temporary Connection: From ____________ To ____________

7. Proposed Total Connected Load: ____________ kW / ____________ HP

8. Distance from the nearest Low Tension (LT) Line Pole to the proposed electricity supply point ____________ Meter

9. Whether any outstanding amount is pending against the applicant's name? Yes / No

10. Whether any outstanding amount is pending at the location where electricity supply is being requested? Yes / No
11. Name of the Government Authorized Electrical Licensee Contractor who has carried out the electrical wiring work at the applied premises: Name and Address: ____________________ ______________________________________ License Number: ____________________
12. Please mark (✓) the applicable option regarding the above premises:
    A. ☐ The premises is under my ownership and documentary proof of ownership is available with me.
    B. ☐ The premises has been taken on rent by me, and the No Objection Certificate (NOC) from the premises owner along with the rent agreement is attached.

13. Electricity Consumption Record / Meter Installation for the Premises (Mark (✓) as applicable):

A. ☐ I want to install my own meter as per the prescribed conditions.

B. ☐ I want to install the Distribution Company's meter as per the prescribed conditions.

**14. Based on the above application, I/We agree to the following terms and conditions for the purpose of electricity supply:**

a. The information provided above is completely true and correct. In case of any discrepancy, the electricity connection may be disconnected and further action may be taken as per rules, for which I/We shall be fully responsible.

b. (*Name of the Power Distribution Company*) (hereinafter referred to as the "Distribution Company") shall provide electricity supply at the location mentioned in Clause 4 at 230/415 Volts. The consumer shall use the electricity only for the purpose mentioned in Clause 7 and up to the sanctioned load declared in Clause 8.

c. After completion of the electricity supply arrangement, the "Distribution Company" shall inform the consumer about the availability of electricity. The consumer shall take the electricity supply within one month from the date of such intimation, failing which the agreement shall become effective from the next day

after expiry of one month or from the date of taking connection, whichever is earlier. This agreement shall remain effective as per the provisions of the Electricity Supply Code

d. The consumer shall pay all electricity charges and other applicable charges every month for the electricity consumed during the previous month, as determined from time to time by the Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission for the applicable consumer category. These charges shall include variable fuel charges, adjustment charges and other miscellaneous charges.
e. The consumer shall deposit the required security deposit and additional security deposit as per the provisions of the Electricity Supply Code and amendments made from time to time.
f. The consumer shall pay any outstanding dues / accumulated amount related to the premises and agrees that the "Distribution Company" shall be authorized to recover such dues or transfer the outstanding amount to any other electricity connection in the name of the same consumer, even if it is at another premises.
g. The consumer shall protect the electricity meter installed by the "Distribution Company" at the designated location and shall not tamper with the seal of the said meter.
h. The consumer shall provide free and uninterrupted access to authorized officers/employees of the "Distribution Company" at the premises for meter reading, inspection, checking, maintenance, testing, etc.
i. The consumer shall not extend or distribute the electricity supplied by the "Distribution Company" to any other person/premises except for self-use.
j. The applicant shall submit the test report for the connection as required by the "Distribution Company" according to the Electricity Supply Code.
k. **Acceptance of Rules:**-The consumer agrees that electricity supply shall be provided by the Distribution Company only under the provisions of the Electricity Act, 2003, Electricity Supply Code (as amended from time to time), and Central Electricity Authority (Measures Relating to Safety and Electric Supply) Regulations, 2010, along with subsequent amendments. The meaning and interpretation of this agreement shall be as per the said provisions.

I. **Electricity Purchase Agreement:** In future, whenever the consumer applies for a rooftop solar connection, the following points shall automatically become applicable in the capacity of a Prosumer (Producer-cum-Consumer), and this agreement shall also serve as a Power Purchase Agreement (PPA).

**i) PM Surya Ghar Yojana:** I/We am/are applying for grid connection and net metering facility for my/our rooftop solar system installed under the PM Surya Ghar Muft Bijli Yojana.

**ii) Net Metering Billing:** The billing of my/our electricity consumption shall be done as per net metering regulations. If, during any billing cycle, the electricity exported by me/us to the grid is more than the electricity imported from the grid, the excess units shall be carried forward and adjusted in the next bill. At the end of the financial year, the remaining excess units shall be settled as per the rates and rules determined by the State Electricity Regulatory Commission.

**iii) Technical Standards:** The installed/proposed rooftop solar system, including inverter and safety equipment, shall fully comply with all latest technical and safety standards prescribed by the Central Electricity Authority (CEA) and the Distribution Company.

**iv. Ownership and Maintenance:** I/We am/are the owner(s) of this solar system and shall be fully responsible for its regular maintenance. I/We authorize the authorized officers of the "Distribution Company" to enter the premises safely and without obstruction for inspection, testing, and reading of the net meter and interconnection equipment.

**v.** I/We shall be solely responsible for any loss or damage caused to the Distribution Company's grid or employees due to any defect or improper operation of my/our solar system. The Distribution Company shall not be responsible for any damage caused to my/our solar system due to grid failure, voltage fluctuations, or any other reason.

Signature of the above-mentioned persons

Signature of the Applicant (Name and Address)          Applicant's Signature

Date :…………………….

1. Witness - ____________________

2. Witness - ____________________

Signature of the above-mentioned persons Of the Authorized Officer of the Distribution Co.

Signature of the Authorized Officer Signature and Seal

(Name and Address)

1. Witness - ____________________ Division: ____________________

2. Witness - ____________________ Date: ____________________

## Hindi version

वितरण कंपनी का नाम– ....................................................

निम्न दाब विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन सह अनुबंध सह विद्युत क्रय अनुबंध

| स्व. हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटो |
| --- |

प्रति,

**सहायक / कनिष्ठ अभियंता,**

**........................................**

**...............................डीसी / जोन**

महोदय,

मैं हम अपने परिसर में बिजली प्रदाय हेतु निवेदन करता / करते हैं। इसके लिए वांछित जानकारी निम्नानुसार हैः–

1. विद्युत आपूर्ति का प्रयोजन (घरेलू / गैर घरेलू / कृषि / कृषि एलाईड / औद्योगिक / सार्वजनिक)
2. आवेदक संस्थान का नाम
3. पिता / पति / निदेशक / हिस्सेदार / ट्रस्टी का नाम
4. **परिसर का पता** (जहां नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन किया जा रहा है)
   (i) मकान / प्लाट / परिसर क्रमांक ____________________ सड़क / क्षेत्र / कॉलोनी ____________________
   कस्बा / शहर / गांव ____________________ विकास खंड ____________________
   जिला ____________________ मोबाईल नंबर ____________________
   ई–मेल (यदि उपलब्ध है तो) ____________________ आधार कार्ड क्रमांक ____________________

(ii) यदि आपका GSTIN NO. हो तो आवेदन के साथ ही GSTIN NO. देना अनिवार्य है एवं मांग पत्र भुगतान करने के पश्चात उसी दिन संभागीय कार्यालय/जोन में सूचित करना आवश्यक है, अन्यथा की स्थिति में आपको भुगतान GSTIN दावा की पात्रता नहीं होगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

GSTIN NO. ____________________

(iii) बैक खाता क्रमांक........................................................ IFSC Code........................

(iv) बी.पी.एल. कनेक्शन हेतु बी.पी.एल. सर्वे सूची का क्रमांक. ____________________

(v) औद्योगिक कनेक्शन हेतु (1) आई.ई.एम. क्रमांक एवं दिनांक ____________________

(2) ई.एम.1/एस.एस.आई. पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक. ________

(vi) पड़ोसी का स्थाई कनेक्शन क्रमांक (यदि उपलब्ध है तो). ____________________

(vii) समीपस्थ विद्युत खम्भे का क्रमांक जहां से कनेक्शन के लिए आवेदन दिया जा रहा है।

(viii) आवेदक का स्थाई पता, यदि क्रमांक–4 से पृथक हो तो ____________________

मकान/प्लाट /परिसर क्रमांक ________________ सड़क/क्षेत्र/कॉलोनी ________________

कस्बा/शहर/गांव ____________________ विकास खंड ________________

जिला ____________________

5. परिसर का निर्मित क्षेत्रफल/प्लाट का क्षेत्रफल ____________(वर्गफुट)/____________ (वर्गफुट )

6. विद्युत आपूर्ति का प्रकार–स्थायी/अस्थायी ____________________

अस्थायी कनेक्शन की अवधि ____________ से ____________ तक

7. प्रस्ताविक कुल समायोजित भार ________किलो वाट/________एच.पी.

8. समीपस्थ निम्न दाब लाईन के खंभे से प्रस्तावित विद्युत आपूर्ति के बिन्दु की दूरी मीटर

9. क्या आवेदक के नाम से अनुज्ञप्तिधारी की कोई बकाया राशि शेष है ? हां/नहीं

10. क्या स्थल जहां विद्युत आपूर्ति मांगी जा रही है, पर कोई बकाया राशि शेष है ? हां/नहीं

11. शासन द्वारा अधिकृत विद्युत लाईसेंस ठेकेदार का नाम जिसके द्वारा आवेदित परिसर में विद्युत वायरिंग कार्य किया गया है– नाम व पता ____________ लाईसेंस क्रमांक ________

12. **उपरोक्त परिसर (जो लागू हो का निशान लगावे)**

अ. ☐ मेरे स्वामित्व अधिकारी में है जिसके दस्तावेजी प्रमाण मेरे पास उपलब्ध है।

ब. ☐ मेरे द्वारा किराये पर लिया गया है एवं परिसर स्वामी का अनापत्ति पत्र तथा किराया नामा संलग्न है।

13. **परिसर का विद्युत खपत रिकार्ड/करने के लिए (जो लागू हो का निशान लगायें)**

अ. ☐ निर्धारित शर्तों पर स्वयं का मीटर लगवाना चाहता हूं.।

ब. ☐ निर्धारित शर्तों पर वितरण कंपनी का मीटर लगवाना चाहता हूँ ।

14. **उपरोक्त आवेदन के आधार पर विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से निम्न बिन्दु पर मैं/हम सहमत हैं:–**

क. उपरोक्त दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं अन्यथा की स्थिति में विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर निम्नानुसार कार्यवाही की जा सकेगी जिसकी पूर्ण जवाबदारी मेरी रहेगी।

ख. यह कि (*वितरण कंपनी का नाम*) जिसका आगे चलकर ''वितरण कंपनी" के नाम से उल्लेख है, उपभोक्ता को 230/415 वोल्ट का कंडिका 4 में दर्शाये हुए स्थान पर विद्युत आपूर्ति करेगा उपभोक्ता इसका उपयोग कंडिका 7 में दर्शाये प्रयोजन के लिए और कंडिका 8 में घोषित भार की सीमा तक ही रहेगा।

ग. यह कि विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पूरी हो जाने पर "वितरण कंपनी" उपभोक्ता को विद्युत उपलब्धता की सूचना देगी। सूचना के उपरांत एक माह की अवधि में उपभोक्ता को आपूर्ति लेना होगा अन्यथा एक माह के अवधि समाप्त होने के अगले दिन से अथवा कनेक्शन लेने की तिथि से (जो भी पहले हो) अनुबंध प्रभावशील होगा। यह अनुबंध विद्युत प्रदाय संहिता के प्रावधानों के अनुसार प्रभावशील रहेगा।

घ. यह कि उपभोक्ता द्वारा विगत माह में की गई विद्युत की खपत के लिए "वितरण कंपनी" को प्रत्येक माह ऐसे विद्युत एवं अन्य प्रभारों का भुगतान करना होगा जो कि अनुबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए समय–समय पर छ.रा. विद्युत नियामक आयोग द्वारा अवधारित किये जायेंगे। इन प्रभारों में परिवर्तनीय ईंधन मूल्य, समायोजन प्रभार एवं अन्य विविध प्रभार भी सम्मिलित होंगे।

ङ. यह कि उपभोक्ता विद्युत प्रदाय संहिता के प्रावधानों व समय–समय पर संशोधित प्रावधानों के तहत आवश्यक प्रतिभूति और अतिरिक्त प्रतिभूति जमा करेगा ।

च. यह कि उपभोक्ता परिसर पर किसी भी प्रकार की बकाया /संचित राशि का भुगतान करेगा, तथा सहमति देगा कि "वितरण कंपनी" उपभोक्ता से इस तरह की राशि वसूली अथवा बकाया राशि को उक्त उपभोक्ता के नाम पर किसी अन्य विद्युत कनेक्शन, चाहे वह किसी अन्य परिसर में हो, में स्थानांतरित कर सकने हेतु अधिकृत रहेगा।

छ. यह कि उपभोक्ता, "वितरण कंपनी" द्वारा चयनित स्थान पर स्थापित विद्युत मीटर की सुरक्षा करेगा एवं उक्त मीटर की सील के साथ छेड़खानी नहीं करेगा।

ज. यह कि उपभोक्ता अपने परिसर पर "वितरण कंपनी" के अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी को मीटर वाचन, निरीक्षण, जांच, संधारण एवं परीक्षण आदि हेतु निर्बाध प्रवेश देगा।

झ. यह कि उपभोक्ता "वितरण कंपनी" द्वारा प्रदत्त विद्युत का स्वयं के अलावा किसी अन्य व्यक्ति/परिसर में विद्युत का विस्तार/वितरण का कार्य नहीं करेगा।

ञ. यह कि आवेदक द्वारा कनेक्शन के लिए विद्युत प्रदाय संहिता के अनुसार टेस्ट रिर्पोट "वितरण कंपनी" द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करेगा ।

ट **नियमो की स्वीकारीता:–**यह कि, विद्युत अधिनियम 2003 के तहत निर्धारित कानून, विद्युत प्रदाय संहिता (यथा संशोधित) तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं

विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपबंध) नियमावली 2010 के प्रावधानों में समय–समय पर किये गये संशोधनों के अंतर्गत ही विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता को विद्युत आपूर्ति की जावेगी तथा उपभोक्ता उक्त प्रावधानों का पालन करने हेतु बाध्य होगा । अनुबंध का अर्थ एवं व्याख्या भी उन्हीं के यथा संदर्भानुसार की जावेगी ।

ठ. **विद्युत क्रय अनुबंधः–** यह कि भविष्य में जब भी उपभोक्ता के द्वारा रूफटॉप सोलर कनेक्शन हेतु आवेदन किया जावेगा, तो एक उत्पादक–सह–उपभोक्ता (Prosumer) के तौर पर निम्नलिखित बिंदु स्वतः प्रभावशील हो जायेंगे एवं यह अनुबंध–पत्र एक विद्युत क्रय अनुबंध (Power Purchase Agreement) के रूप में भी कार्य करेगा।

i. **पीएम सूर्यघर योजनाः–** यह कि मैं/हम प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित अपने रूफटॉप सोलर सिस्टम को ग्रिड से जोड़ने एवं नेट–मीटरिंग सुविधा हेतु आवेदन कर रहा हूँ/रहे हैं।

ii. **नेट मिटरींग बिलिंग :–** यह कि मेरे विद्युत उपभोग की बिलिंग, नेट–मीटरिंग विनियमों के आधार पर की जाएगी। यदि किसी बिलिंग चक्र में मेरे द्वारा ग्रिड को निर्यात की गई बिजली, आयात की गई बिजली से अधिक है, तो अतिरिक्त यूनिट को अगले बिल में समायोजित (कैरी फॉरवर्ड) किया जाएगा। वित्तीय वर्ष के अंत में बची हुई अतिरिक्त यूनिट का निपटान राज्य विदयुत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों और नियमों के अनुसार किया जाएगा।

iii. **तकनीकी मानक :–** यह कि स्थापित किये गये/जाने वाले उक्त रूफटॉप सोलर सिस्टम, जिसमें इन्वर्टर और सुरक्षा उपकरण शामिल हैं, हेतु केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) एवं "वितरण कंपनी" द्वारा निर्धारित सभी नवीनतम तकनीकी और सुरक्षा मानकों का पूर्णतः अनुपालन किया जावेगा।

iv. **स्वामीत्व एवं अनुरक्षण** :– यह कि मैं/हम इस सोलर सिस्टम का स्वामी हूँ/हैं और इसके नियमित रखरखाव के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी हैं। मेरे /हमारे द्वारा "वितरण कंपनी" के अधिकृत अधिकारियों को नेट–मीटर और इंटरकनेक्शन उपकरणों के निरीक्षण, परीक्षण और रीडिंग हेतु परिसर में सुरक्षित और निर्बाध प्रवेश की अनुमति की स्वीकृति है।

v. यह कि मेरे सोलर सिस्टम की किसी भी खराबी या अनुचित संचालन के कारण वितरण कंपनी के ग्रिड या कर्मचारियों को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए मैं/हम स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी/रहेंगें। ग्रिड में किसी विफलता, उतार–चढ़ाव या अन्य किसी कारण से मेरे सोलर सिस्टम को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए वितरण कंपनी उत्तरदायी नहीं होगी।

नीचे लिखे हुए व्यक्तियों के सामने
आवेदक ने हस्ताक्षर किये (नाम व पता) आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक ..................

1) गवाह –
2) गवाह –

नीचे लिखे हुए व्यक्तियों के सामने प्राधिकृत अधिकारी ने हस्ताक्षर किये (नाम व पता)

वितरण कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर व मुहर

1) गवाह –
2) गवाह –

संभाग...................
दिनांक.................

**3. Annexure-5 of the Chhattisgarh State Electricity Supply Code 2011 shall be considered as follows for all consumers in the domestic categories seeking load enhancement/reduction: -**

Name of Distribution Company - ……………………………………….
Application for Load / Demand (Increase / Decrease) in Low Tension Electricity Connection
Agreement-cum-Power Purchase Agreement

| Self-attested Passport Size Photograph |
|---|

To,

Assistant / Junior Engineer,

……………………………………….

……………………………………….DC/Zone

Respected Sir,

I/We hereby apply for __________ under my/our electricity connection at the premises. The required information is as follows:

15. Electricity Connection Number (BP Number) _____________________________________
16. Name of the Applicant / Organization
17. Name of Father / Husband / Director / Partner / Trustee
18. Address of the Premises (Where the application is being submitted for increase/decrease in load or tariff change in the connection)

House / Plot / Premises No. ____________ Road / Area / Colony ____________

Town / City / Village ____________ Development Block ____________________

District _____________________Mobile Number _________________________

E-mail (If Available) _________________________________________________

Aadhaar Card Number ____________ BPL Survey (If Available) No.: ____________

19. Purpose of Electricity Supply
 __________________________________________________

20. Sanctioned Load at the Premises: ____________ Existing Tariff: ____________
21. Proposed Total Connected Load / Contract Demand: ____________ kW / HP
22. Proposed Date from which the increase/decrease in connected load / contract demand is required: ____________
23. Type of Electricity Connection: 1. Single Phase ☐ 2. Three Phase ☐
24. A. Proposed Date from which the tariff change is required / not required: ____________

B. Desired Tariff Category: ____________

11. Whether any outstanding amount is pending against the applicant's name? Yes / No

12. Whether any outstanding amount is pending at the location where electricity supply is being requested? Yes / No

13. Name of the Government Authorized Electrical Licensee Contractor who has carried out the electrical wiring work at the applied premises: Name and Address: ___________________ ______________________________________License Number: ___________________

**14. Based on the above application, I/We agree to the following terms and conditions for the purpose of electricity supply:**

a. The information provided above is completely true and correct. In case of any discrepancy, the electricity connection may be disconnected and further action may be taken as per rules, for which I/We shall be fully responsible.

b. *(Name of Distribution Company)* (hereinafter referred to as the "Distribution Company") shall provide electricity supply to the consumer at 230/415 Volts at the location mentioned in Clause 4. The consumer shall use the electricity only for the purpose mentioned in Clause 5 and up to the load limit declared in Clause 7.

c. After completion of the arrangement for the requested increase/decrease in load/demand under the electricity connection, the Distribution Company shall

inform the consumer. The agreement shall become effective from the date specified in the notice and shall remain effective until the electricity supply is discontinued as per the provisions of the Electricity Supply Code.

d. The consumer shall pay every month to the Distribution Company all electricity charges and other applicable charges for the electricity consumed during the previous month, as determined from time to time by the Commission for the applicable consumer category. These charges shall include variable fuel cost adjustment charges and other miscellaneous charges.

e. The consumer shall deposit the required security deposit and additional security deposit as per the provisions of the Electricity Supply Code and amendments made from time to time.

f. The consumer shall pay any outstanding dues / accumulated amount related to the premises and agrees that the Distribution Company shall be authorized to recover such amount or transfer the outstanding dues to any other existing electricity connection in the name of the consumer, even if it is located at another premises.

g. The consumer shall protect the electricity meter installed by the Distribution Company at the selected location and shall not tamper with the seal of the said meter.

h. The consumer shall provide free and uninterrupted access to authorized officers/employees of the Distribution Company at the premises for meter reading, inspection, checking, maintenance, testing, etc.

i. The consumer shall not use the electricity supplied by the Distribution Company for extending/supplying electricity to any other person or premises except for self-use or provide it on rent.

j. The applicant shall submit the test report for the connection as required by the Distribution Company according to the Electricity Supply Code.

k. **Acceptance of Rules:** The consumer agrees that the electricity supply shall be provided by the Distribution Company under the provisions of the Electricity Act, 2003, Electricity Supply Code along with amendments, and Central Electricity Authority (Measures Relating to Safety and Electric Supply) Regulations, 2010, including subsequent amendments made from time to time. The consumer shall be bound to comply with these provisions. The meaning and interpretation of this agreement shall also be as per the said provisions.

l. **Electricity Purchase Agreement:** In future, whenever I/We apply for a rooftop solar connection, the following points shall automatically become applicable in the capacity of a Prosumer (Producer-cum-Consumer), and this agreement shall also work as a Power Purchase Agreement (PPA).

i. **PM Surya Ghar Yojana:** I/We am/are applying for grid connection and net metering facility for my/our rooftop solar system installed under the PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana.

ii. **Net Metering Billing:** The billing of my/our electricity consumption shall be done as per net metering regulations. If, during any billing cycle, the electricity exported by me/us to the grid is more than the electricity imported from the grid, the excess units shall be carried forward and adjusted in the next bill. At the end of the financial year, the remaining excess units shall be settled as per the rates and rules determined by the State Electricity Regulatory Commission.

iii. **Technical Standards:** The installed/proposed rooftop solar system, including inverter and safety equipment, shall fully comply with all latest technical and safety standards prescribed by the Central Electricity Authority (CEA) and the Distribution Company.

iv. **Ownership and Maintenance:** I/We am/are the owner(s) of this solar system and shall be fully responsible for its regular maintenance. I/We authorize the authorized officers of the Distribution Company to enter the premises safely and without obstruction for inspection, testing, and reading of the net meter and interconnection equipment.

v. I/We shall be solely responsible for any loss or damage caused to the Distribution Company's grid or employees due to any defect or improper operation of my/our solar system. The Distribution Company shall not be responsible for any damage caused to my/our solar system due to grid failure, voltage fluctuation, or any other reason.

Signature of the above-mentioned persons

Signature of the Applicant (Name and Address) Applicant's Signature

Date :……………………

1. Witness - ____________________

2. Witness - ____________________

Signature of the above-mentioned persons Of the Authorized Officer of the Distribution Co.

Signature of the Authorized Officer Signature and Seal

(Name and Address)

1. Witness - ____________________ Division: ____________________

2. Witness - ____________________ Date: ____________________

## Hindi version

वितरण कंपनी का नाम– .......................................................

निम्नदाब विद्युत कनेक्शन मे भार/मांग (वृद्धि/कमी) हेतु आवेदन

सह अनुबध सह विद्युत क्रय अनुबंध

स्व. हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटो

प्रति,

सहायक/कनिष्ठ अभियंता,

................................................

........................डीसी/जोन,

महोदय,

मैं/हम अपने परिसर में विद्युत कनेक्शन के अंतर्गत ____________ हेतु निवेदन करता हूँ/करते हैं। इसके लिए वांछित जानकारी निम्नानुसार है:–

1. विद्युत कनेक्शन क्रमांक (बी.पी.नंबर) ____________________
2. आवेदक का नाम/संस्थान ____________________
3. पिता/पति/निदेशक/हिस्सेदार/ट्रस्टी का नाम ____________________
4. परिसर का पता (जहां कनेक्शन में भार वृद्धि/कमी/टैरिफ परिवर्तन हेतु आवेदन दिया जा रहा है)

   मकान/प्लाट/परिसर क्रमांक ____________ सड़क/क्षेत्र/कॉलोनी ____________

   कस्बा/शहर/गांव ____________ विकास खंड ____________

   जिला ____________ मोबाईल नंबर ____________

ई–मेल (यदि उपलब्ध है तो) ____________________

आधार कार्ड क्रमांक____________ बी.पी.एल. सर्वे (यदि उपलबध हो तो) क्र.______

5. विद्युत आपूर्ति का प्रयोजन____________________

6. परिसर में स्वीकृत भार____________ प्रचलित टेरिफ ____________

7. प्रस्तावित कुल संयोजित भार/अनुबंधित मांग____________किलो वाट/एच.पी.______

8. प्रस्तावित तिथि जब से संयोजित भार/अनुबंधित मांग में वृद्धि/कमी वांछित है

9. विद्युत कनेक्शन का प्रकार 1. सिंगल फेस ☐ 2. थ्री फेस ☐

10. अ. प्रस्तावित तिथि जब से टेरिफ परिवर्तन वांछित है/नहीं ____________

ब. वांछित टैरिफ श्रेणी ____________________

11. क्या आवेदक के नाम से अनुज्ञप्तिधारी की कोई बकाया राशि शेष है? हां/नहीं

12. क्या स्थल जहाँ विद्युत आपूर्ति मांगी जा रही है, पर कोई बकाया राशि शेष है? हां/नहीं

13. शासन द्वारा अधिकृत विद्युत लाईसेंस ठेकेदार का नाम जिसके द्वारा आवेदित परिसर में विद्युत वायरिंग का कार्य किया गया है–नाम व पता____________

लाईसेंस क्रमांक ____________

14. **उपरोक्त आवेदन के आधार पर विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से निम्न बिंदु पर मैं/हम सहमत हूँ/हैंः–**

क. उपरोक्त दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं अन्यथा की स्थिति में विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी रहेगी।

ख. यह कि छत्तीसगढ़ राज्य पावर वितरण कंपनी लिमि. जिसका आगे चलकर वितरण कंपनी के नाम से उल्लेख है, उपभोक्ता को 230/415 वोल्ट पर बिंदु 4 में दर्शाए हुए स्थान पर विद्युत आपूर्ति करेगा । उपभोक्ता इसका उपयोग बिंदु 5 में दर्शाए प्रयोजन के लिये और बिंदु 7 में घोषित भार की सीमा तक ही करेगा।

ग. यह कि विद्युत कनेक्शन के अंतर्गत वांछित भार/मांग की व्यवस्था पूरी हो जाने पर वितरण कंपनी उपभोक्ता को इसकी सूचना देगी। सूचना के उपरांत निर्धारित तिथि से अनुबंध प्रभावशील होगा। यह अनुबंध विद्युत प्रदाय संहिता के प्रावधानों के अधीन विद्युत प्रदाय समाप्त होने तक प्रभावशील रहेगा।

घ. यह कि उपभोक्ता द्वारा विगत माह में की गई विद्युत की खपत के लिए वितरण कंपनी को प्रत्येक माह ऐसे विद्युत एवं अन्य प्रभारों का भुगतान करना होगा जो कि अनुबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए समय–समय पर आयोग द्वारा अवधारित किये जायेंगे। इन प्रभारों में परिवर्तनीय ईंधन मूल्य समायोजन प्रभार एवं अन्य विविध प्रभार भी सम्मिलित होंगे।

ड. यह कि उपभोक्ता विद्युत प्रदाय संहिता के प्रावधानों व समय–समय पर संशोधित प्रावधानों के तहत आवश्यक प्रतिभूति और अतिरिक्त प्रतिभूति जमा करेगा।

च. यह कि उपभोक्ता परिसर पर किसी भी प्रकार की बकाया /संचित राशि का भुगतान करेगा तथा सहमति देता है कि वितरण कंपनी उपभोक्ता से इस तरह की राशि वसूली अथवा बकाया राशि को उपभोक्ता के नाम पर किसी अन्य मौजूद कनेक्शन, चाहे वह किसी अन्य परिसर में हो, में स्थानांतरित कर सकने हेतु अधिकृत रहेगा।

छ. यह कि उपभोक्ता वितरण कंपनी द्वारा चयनित स्थान पर स्थापित विद्युत मीटर की सुरक्षा करेगा एवं उक्त मीटर की सील के साथ छेड़खानी नहीं करेगा।

ज. यह कि उपभोक्ता अपने परिसर में वितरण कंपनी के अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी को मीटर वाचन निरीक्षण, जांच संधारण एवं परीक्षण आदि हेतु निर्बाध प्रवेश देगा।

झ. यह कि उपभोक्ता वितरण कंपनी द्वारा प्रदत्त विद्युत का उपयोग स्वयं के अलावा किसी अन्य व्यक्ति/परिसर में विद्युत का विस्तार/किराये पर देने का कार्य नहीं करेगा।

ट. यह कि आवेदक द्वारा कनेक्शन के लिए विद्युत प्रदाय संहिता के अनुसार टेस्ट रिपोर्ट वितरण कंपनी द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करेगा ।

ठ. **नियमो की स्वीकारीता:–** यह कि उपभोक्ताए विद्युत अधिनियम 2003 के तहत निर्धारित कानून एवं नियम संशोधनों सहित विद्युत प्रदाय संहिता तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपबंध) नियमावली 2010 के प्रावधानों में समय–समय पर किये गये संशोधनों के अंतर्गत है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता को विद्युत आपूर्ति की जावेगी तथा उपभोक्ता उक्त प्रावधानों का पालन करने हेतु बाध्य होगा। अनुबंध का अर्थ एवं व्याख्या भी उन्हीं के यथा संदर्भानुसार की जावेगी।

ड. **विद्युत कय अनुबंध:–** यह कि भविष्य में जब भी मेरे द्वारा रूफटॉप सोलर कनेक्शन हेतु आवेदन किया जावेगा, तो एक प्रोस्युमर (उत्पादक–सह–उपभोक्ता) के तौर पर

निम्नलिखित बिंदु स्वतः प्रभावशील हो जायेंगे एवं यह अनुबंध–पत्र एक विद्युत क्रय अनुबंध (Power Purchase Agreement) के रूप में भी कार्य करेगा।

i. **पीएम सूर्यघर योजनाः–**यह कि मैं/हम प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित अपने रूफटॉप सोलर सिस्टम को ग्रिड से जोड़ने एवं नेट–मीटरिंग सुविधा हेतु आवेदन कर रहा हूँ/रहे हैं।

ii. **नेट मिटरींग बिलिंगः–** यह कि मेरे विद्युत उपभोग की बिलिंग, नेट–मीटरिंग विनियमों के आधार पर की जाएगी। यदि किसी बिलिंग चक्र में मेरे द्वारा ग्रिड को निर्यात की गई बिजली, आयात की गई बिजली से अधिक है, तो अतिरिक्त यूनिट को अगले बिल में समायोजित (कैरी फॉरवर्ड) किया जाएगा। वित्तीय वर्ष के अंत में बची हुई अतिरिक्त यूनिट का निपटान राज्य विदयुत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों और नियमों के अनुसार किया जाएगा।

iii. **तकनीकी मानक :–** यह कि स्थापित किये गये/जाने वाले उक्त रूफटॉप सोलर सिस्टम, जिसमें इन्वर्टर और सुरक्षा उपकरण शामिल हैं, हेतु केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) एवं ''वितरण कंपनी'' द्वारा निर्धारित सभी नवीनतम तकनीकी और सुरक्षा मानकों का पूर्णतः अनुपालन किया जावेगा।

iv. **स्वामीत्व एवं अनुरक्षणः–** यह कि मैं/हम इस सोलर सिस्टम का स्वामी हूँ/हैं और इसके नियमित रखरखाव के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी हैं। मेरे/हमारे द्वारा वितरण कंपनी के अधिकृत अधिकारियों को नेट–मीटर और इंटरकनेक्शन उपकरणों के निरीक्षण, परीक्षण और रीडिंग हेतु परिसर में सुरक्षित और निर्बाध प्रवेश की अनुमति की स्वीकृति है।

v. यह कि मेरे सोलर सिस्टम की किसी भी खराबी या अनुचित संचालन के कारण वितरण कंपनी के ग्रिड या कर्मचारियों को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए मैं/हम स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी/रहेंगें। ग्रिड में किसी विफलता, उतार–चढ़ाव या अन्य किसी कारण से मेरे सोलर सिस्टम को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए वितरण कंपनी उत्तरदायी नहीं होगी।

नीचे लिखे हुए व्यक्तियों के सामने
आवेदक ने हस्ताक्षर किये (नाम व पता) आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक ..................

1) गवाह –
2) गवाह –

नीचे लिखे हुए व्यक्तियों के सामने प्राधिकृत अधिकारी ने हस्ताक्षर किये (नाम व पता)

वितरण कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर व मुहर
संभाग..................
दिनांक..................

1) गवाह –
2) गवाह –

**By order of the Commission**

**-Sd-**

**(Mathura Prasad Patel)**
**Dy. Secretary**